क्रमांक 4112275 / 03 / छ.ग. / 2018 / 2045

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, सिहावा-भवन**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

दिनांक 18 / 02 / 2019

**प्रति,**

**कार्यपालन अभियंता,**
MIS Cell,
स्टेट डाटा सेन्टर,
सिहावा भवन,
रायपुर (छ.ग.)

**विषय :–** प्रथम अपील प्रकरणों के निराकरण आदेश की प्रति को वेब साईट (Web Site) में अपलोड किये जाने बाबत्।

**संदर्भ :–** अधीक्षण अभियंता (बोधी) के पत्र क्र. 581 / बो.प्र. / नि.स. / 2013 / 1920 दिनांक 15.02.2019

------00------

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें। कृपया पत्र में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही कर इस प्रकोष्ठ को अवगत करावें।

**सहपत्र :–** उपरोक्तानुसार।
(24 पृष्ठ)

18.2.19
**(सजल कुमार विश्वकर्मा)**
**जन सूचना अधिकारी**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़ रायपुर**

**पृष्ठांकन क्रमांक 4112275 / 03 / छ.ग. / 2018 /**
**प्रतिलिपि :–**

18/2/19
**रायपुर, दिनांक / 02 / 2019**

अधीक्षण अभियंता (बोधी) कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, डाटा सेंटर, सिहावा भवन परिसर, रायपुर को संदर्भित पत्र के संबंध में सूचनार्थ।

**सहपत्र :–** शून्य।

**(सजल कुमार विश्वकर्मा)**
**जन सूचना अधिकारी**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़ रायपुर**

क्रमांक 581/बो.प्र./नि.स./2013/ 1920
कार्यालय प्रमुख अभियंता (बोधी प्रकोष्ठ)
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

दिनांक 15/02/2019

प्रति,

जनसूचना अधिकारी
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रथम अपील प्रकरणों के निराकरण आदेश की प्रति को वेब साइट (Web site) में अपलोड किये जाने बाबत्।

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि प्रथम अपील प्रकरणों वर्षान्त 2018 (छायाप्रति संलग्न) के निराकरण आदेश की प्रति को सूचना के अधिकार "वेब साइट" में अपलोड किये जाने की कार्यवाही कराते हुए इस प्रकोष्ठ को सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार
( 23 पृष्ठ)

अधीक्षण अभियंता (बोधी)
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़ रायपुर
14/2

पृ. क्र. 581/बो.प्र./नि.स./2013/ रायपुर, दिनांक /02/2019
प्रतिलिपि :–

कार्यपालन अभियंता (MIS Cell) स्टेट डाटा सेन्टर, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

हस्ता/-
अधीक्षण अभियंता (बोधी)
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़ रायपुर

संबंधित नस्ती (वार्षिक प्रति० 2018) के साथ प्रस्तुत करें।
15/2/19

D:\Suchna ka Adhikar 2005.docx

(5)

क्रमांक 131/बो.प्र./नि.स./2018/3312

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग

छत्तीसगढ़, रायपुर

दिनांक 27/02/2018

| अपीलार्थिनी | | प्रतिअपीलार्थी |
|---|---|---|
| श्री बी.के. तिवारी<br>सहायक वर्ग–2, सेवानिवृत्त<br>पता–39, रिक्रिएशन रोड़,<br>चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) | — विरुद्ध — | श्री एस.के. विश्वकर्मा<br>जन सूचना अधिकारी<br>कार्यालय प्रमुख अभियंता<br>जल संसाधन विभाग<br>छत्तीसगढ़, रायपुर |

1. श्री बी.के. तिवारी, सहायक ग्रेड–2 (सेवानिवृत्त), चौबे कॉलोनी, रायपुर द्वारा दिनांक 30.11.2017 को जनसूचना अधिकारी, प्रमुख अभियंता कार्यालय से मांगी गई जानकारी की अपूर्ण जानकारी दिये जाने से व्यथित होकर यह प्रथम अपील आवेदन पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को प्रस्तुत की है।

2. प्रकरण के अवलोकन एवं अध्ययन पश्चात् उभय पक्षों को प्रकरण की सुनवाई हेतु दि. 22.02.2018 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में उपस्थित होने हेतु आदेश क्र. 2580, दि. 15.02.2018 द्वारा आदेश जारी किया गया।

3. उपरोक्त आदेश के पालन में उभय पक्ष सुनवाई हेतु दि. 26.02.2018 को उपस्थित हुए। जनसूचना अधिकारी द्वारा जानकारी दी है कि पत्र क्र. 2952/दिनांक 22.02.2018 द्वारा जानकारी दिया जा चुका है। अन्य कोई जानकारी दिया जाना शेष नहीं है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाना उचित होगा। अपीलार्थी श्री बी.के. तिवारी द्वारा भी प्राप्त की गई जानकारी से संतुष्टी व्यक्त किया गया है।

4. प्रकरण के अवलोकन एवं सुनवाई से यह स्पष्ट है कि अपीलार्थी को उनके द्वारा मांगी गई जानकारी जनसूचना अधिकारी द्वारा दिया गया है तथा अपीलार्थी भी दिये गये जानकारी से संतुष्ट है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाना उचित है।

5. अतः प्रकरण इस निर्देश के साथ निराकृत किया जाता है कि प्रकरण पैरा (4) के अनुसार नस्तीबद्ध किया जावे तथा संबंधित को उपरोक्तानुसार सूचित किया जावे एवं की गई कार्यवाही से इस कक्ष को अवगत करावें।

सहपत्र :– शून्य

26/2

( बी.आर. लाड़िया )
प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं
अधीक्षण अभियंता (बोधी)
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़ रायपुर

27/2



D:\Suchna ka Adhikar.doc

पृ.क्र. 131 / बो.प्र. / नि.स. / 2018 /3313 रायपुर, दिनांक 27/02/2018

प्रतिलिपि :–

1. श्री एस.के. विश्वकर्मा, जन सूचना अधिकारी कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. श्री बी.के. तिवारी, सहायक ग्रेड–2 (सेवानिवृत्त), पता–39, रिक्रिएशन रोड़, चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

**सहपत्र :– शून्य**

प्रतिलिपि क्र. 2 पंजीकृत डाक से

**( बी.आर. लाड़िया )**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं**
**अधीक्षण अभियंता (बोधी)**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़ रायपुर**